राजस्थान फाउण्डेशन
Rajasthan Foundation

# राजस्थान फाउण्डेशन
# वर्ष 2020-21 का
# प्रगति विवरण /
# प्रशासनिक प्रगति प्रतिवेदन

जी–29, ग्राउण्ड फ्लोर, साउथ ब्लॉक, योजना भवन,
युधिष्ठिर मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर 302005

# राजस्थान फाउण्डेशन

राजस्थान फाउण्डेशन, राजस्थान सोसायटी एक्ट–1958 के तहत पंजीकृत एक संस्था है। राज्य से बाहर रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों के साथ भावनात्मक बंध को मज़बूत करने, भावनात्मक रिश्तों को गरिमा प्रदान करने एवम्, उन्हें एक मंच पर लाने के उद्देश्य से, अन्तर्राष्ट्रीय राजस्थानी कॉन्क्लेव–2000 के सफल आयोजन के दौरान राजस्थान फाउण्डेशन के गठन का निर्णय माननीय मुख्यमंत्री द्वारा लिया गया था, जिसके परिणास्वरूप दिनांक 30 मार्च 2001 को राजस्थान फाउण्डेशन की स्थापना की गई, ताकि प्रवासी राजस्थानी अपनी मातृभूमि से उत्तरोत्तर जुड़ सकें।

राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष हैं, जबकि इसकी कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव हैं।

राजस्थान फाउण्डेशन अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु, विभिन्न प्रमोशनल एक्टिविटीज के लिए प्रतिबद्ध है।

देश–विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों से निरन्तर एवम् नज़दीकी सम्बन्धों – व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए, प्रमुख रूप से, समाजिक क्षेत्र में गतिविधियों को अंजाम देने, कार्यकारी समितियों की समय–समय पर बैठकें आयोजित करने एवं नवीन सदस्यों के पंजीकरण हेतु राजस्थान फाउण्डेशन ने 12 शहरों, यथा चैन्नई, कोयम्बटूर, कोलकाता, सूरत, मुम्बई, बैंगलूर, अहमदाबाद, हैदराबाद, इन्दौर, लंदन, न्यूयार्क एवम् काठमाण्डू में चैप्टर्स खोले हैं।

राजस्थान फाउण्डेशन अपने चैप्टर्स एवं अन्य शहरों में, जहाँ प्रवासी राजस्थानी समुदाय बहुतायत में रहता हैं, उनसे अन्तर्संवाद कर राजस्थान के सामाजिक क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रेरित करने हेतु विपणन करने की दिशा में उत्साह से कार्यरत है। इन आयोजनों में प्रासंगिक विभागों का आवश्यकतानुसार सहयोग प्राप्त किया जाता है।

**<u>बिन्दु संख्या 1</u> :–**

**संगठनात्मक ढांचा**

माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान फाउण्डेशन की **शासी निकाय (Governing Body)** के अध्यक्ष होते है। शासी निकाय के सदस्य निम्नानुसार हैः–

1. माननीय मुख्यमंत्री महोदय – अध्यक्ष
2. मंत्रीगण (वित्त, उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, पर्यटन एवं आयोजना) – सदस्य
3. मुख्य सचिव – सदस्य
4. अति. मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/सचिव (वित्त, उद्योग एवं आयोजना)–सदस्य
5. आयुक्त, राजस्थान फाउण्डेशन – सदस्य सचिव

मुख्य सचिव, राजस्थान, राजस्थान फाउण्डेशन की **कार्यकारिणी समिति (Executive Committee)** के अध्यक्ष होते है। कार्यकारिणी समिति के सदस्य निम्नानुसार हैः–

1. मुख्य सचिव, राजस्थान – अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति
2. प्रमुख शासन सचिव (वित्त) – सदस्य
3. शासन सचिव (आयोजना) – सदस्य
4. शासन सचिव (उद्योग) – सदस्य
5. आयुक्त, राजस्थान फाउण्डेशन – सदस्य सचिव

**<u>बिन्दु संख्या 2</u> :–**

**वर्तमान में 21 स्वीकृत पदों के विरूद्ध भरे हुए पदों की स्थिति निम्नानुसार हैः–**

| क्र.सं. | पद | पदों की संख्या | कार्यरत |
|---|---|---|---|
| 1. | आयुक्त | 1 | कार्यरत |
| 2. | निजी सचिव | 1 | सैकिण्डमेन्ट पर कार्यरत |
| 3. | लेखाधिकारी | 1 | कार्यरत |
| 4. | मैनेजर | 2 | प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत |
| 5. | प्रोग्रामर | 1 | प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत |
| 6. | निजी सहायक | 1 | रिक्त |
| 7. | कार्यालय सहायक | 1 | रिक्त |
| 8. | स्टेनों हिन्दी | 2 | कार्यरत |
| 9. | स्टेनों अंग्रेजी | 2 | रिक्त |
| 10. | सूचना सहायक | 2 | सैकिण्डमेन्ट पर कार्यरत |
| 11. | वरिष्ठ सहायक | 1 | पदोन्नति हेतु रिक्त |
| 12. | कनिष्ठ सहायक | 1 | कार्यरत |
| 13. | वाहन चालक | 1 | कार्यरत (अनुबन्ध) |
| 14. | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 4 | कार्यरत (2 अनुबन्ध पर) |
| | **कुल** | 21 | |

- वर्तमान में राजस्थान फाउण्डेशन में 2 अन्य अधिकारी सैकिण्डमेन्ट पर कार्यरत हैं। क्रमशः बीआईपी एवं पर्यटन विभाग।

**बिन्दु संख्या 3 :–**

**विभागीय प्रमुख कार्य तथा प्रत्येक प्रमुख कार्य के विरूद्ध आलौच्य वर्ष में प्रगति एवं उसकी विगत 3 वर्ष से तुलना**

**(राशि लाखों में)**

| वर्ष | संस्थापन | प्रमोशनल एक्टिविटीज | कुल व्यय |
|---|---|---|---|
| 2017-18 | 68.05 | 3.97 | 72.02 |
| 2018-19 | 96.70 | 3.36 | 100.06 |
| 2019-20 | 79.13 | 4.81 | 83.94 |
| 2020-21 (दिसम्बर 2020 तक) | 76.47 | 13.18 | 89.65 |

**बिन्दु संख्या 4 :–**

**आलौच्य वर्ष की विशेष पहल एवं उपलब्धि**

**राजस्थान फाउण्डेशन की गतिविधियॉः–**

1. आयुक्त, राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा जनवरी 2020, मुम्बई, में जयपुर प्रवासी संघ के 14वें वार्षिकोत्सव में माननीय मुख्यमंत्री महोदय के साथ भाग लिया गया।
2. राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा एक द्विभाषीय त्रैमासिक पत्रिका प्रकाशित की जाती है, जो देश एवम् विदेश में बसे राजस्थानियों/भारतीयों को प्रेषित की जाती है। जिसमें प्रबुद्ध प्रवासी राजस्थानियों द्वारा राज्य एवं उसकी विभिन्न विकास परियोजनाओं एवं उपलब्धियों का कवरेज किया जाता है।
3. वैश्विक कोरोना महामारी से उत्पन्न संकट से निपटने के लिए राजस्थान सरकार के द्वारा समय–समय पर उठाये गये कदमों के अनुसरण में, राजस्थान फाउण्डेशन के सभी अधिकारी/कर्मचारी, प्रवासी राजस्थानियों सहित सम्पूर्ण आमजन की सहायता के लिए अनवरत कार्यरत रहे। राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा निम्नांकित कार्य किए गए, जिनका संक्षेप में विवरण निम्नानुसार हैः–
    - आवासीय आयुक्त के साथ नई दिल्ली में निरन्तर समन्वय कर भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी होने वाली महत्वपूर्ण सूचनाओं से निरन्तर राज्य सरकार को अवगत कराया गया तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय एवं सहयोग से अपने राज्य के निवासियों को वांछित सहायता उपलब्ध कराई गई।
    - विदेश से आने वाले प्रवासी राजस्थानियों को भारत सरकार से समन्वय कर राजस्थान में लौटने हेतु प्रवासी राजस्थानियों की मदद की गई।

- आयुक्त, राजस्थान फाउण्डेशन, द्वारा अन्तर्राज्यीय माईग्रेशन सैल की एयर विंग के सदस्य के रूप में नई दिल्ली में विदेशों से आने वाले राजस्थानियों के मेडिकल चैकअप, क्वारन्टाईन से लेकर उनके प्रदेश में लौटने तक का पूर्ण समन्वय किया जा रहा है।
- राजस्थान में कोरोना महामारी से निपटने के लिए जनसहयोग हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया गया।
- प्रवासियों में आत्मविश्वास बढ़ाने एवं उनकी कुशलक्षेम जानने हेतु लगभग 150 से अधिक विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे प्रवासियों की दिनांक 09.05.2020 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय से भी वीडियों कॉन्फ्रेन्सिग आयोजित की गई।
- जो प्रवासी राजस्थान में निवेश करना चाहते है अथवा डोनेशन संबंधी कार्य करना चाहते हैं, उनकी अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं अप्रवासी भारतीय विभाग, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, प्रबन्ध निदेशक, रीको एवं अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिग आयोजित की गई।

4. देश विदेश में रह रहे प्रवासी राजस्थानियों के साथ दिनांक 06.08.2020 को ऑनलाईन तीज कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया गया।

5. दिनांक 21.11.2020 को दिवाली के उपलक्ष्य में दिपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थानी कलाकारों द्वारा कालबेलिया नृत्य, कठपुतली कला इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में दुनिया भर से प्रवासी राजस्थानी ऑनलाईन सम्मिलित हुए। जिन्होंने एक साथ दीप जलाकर एकजुटता का संदेश दिया।

6. प्रवासी राजस्थानियों से लगातार सम्पर्क बनाये रखने एवं राजस्थान फाउण्डेशन को और अधिक विजिबल बनाने हेतु सिम्पली जयपुर के साथ "Hum Rajasthani" प्रोग्राम आयोजित करने हेतु एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किया गया। "Hum Rajasthani" प्रोग्राम के अन्तर्गत कुछ ऐसे प्रवासी राजस्थानियों से रूबरू करवाया जायेगा जिन्होनें अपने कार्यों से देश–विदेश में ख्याति प्राप्त की। इसी श्रृंखला में दिनांक 10.10.2020 को मेजर जनरल आलोक राज के साथ एवं दिनांक 29.11.2020 को डॉ. विश्वास मेहता, आई.ए.एस. जो कि वर्तमान में केरल राज्य के मुख्य सचिव है, के साथ संवाद किया गया जिसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया।

7. प्रवासी राजस्थानियों से लगातार सम्पर्क बनाये रखने एवं राजस्थान फाउण्डेशन को और अधिक विजिबल बनाने हेतु सिम्पली जयपुर के साथ ''हम राजस्थानी'' प्रोग्राम के अन्तर्गत दिनांक 13.01.2021 को श्री मोतीलाल ओसवाल, प्रबन्ध निदेशक, मोतीलाल ओसवाल फाईनेशियल सर्विसेज़ लिमिटेड से रूबरू करवाया गया जिन्होनें अपने अनुभव साझा किये।

8. राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा दिनांक 12 एवं 13 दिसम्बर, 2020 को देश विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानी बच्चों को अपनी संस्कृति से रूबरू करवाने के उद्देश्य से storytelling एवं craft session का एक virtual प्रोग्राम ''चल मेरी ढोलकी ढमाकढम'' का आयोजन किया गया था। जिसमें देश–विदेश के बच्चों को राजस्थान की लोक–कथा से सांस्कृतिक कला की शिक्षक श्रीमती सीमा मून्दड़ा द्वारा अपने शब्दों में कहकर कहानी को सुनाया,

जिस पर सभी बच्चों ने अच्छा Interest दिखाया। उक्त कार्यक्रम में काफी संख्या में प्रवासी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसकी देश विदेश में बड़ी सराहना हुई।

9. मुख्य सचिव, (अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति, राजस्थान फाउण्डेशन) की अध्यक्षता में दिनांक 15.12.2020 को राजस्थान फाउण्डेशन की 8वीं कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई।

10. दिनांक 13–20 दिसम्बर 2020 तक 5वें Cairn Marathon में राजस्थान फाउण्डेशन ने समर्थन कर सभी जिला कलक्टर एवं पुलिस अधिक्षकों से सक्रिय होकर आमजन से बढ़–चढ़कर भाग लेने का आग्रह कर इस आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रोत्साहित किया।

11. विश्वभर में चिकित्सा क्षेत्रों में किये जा रहे नवीनतम उपायों की जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु देश–विदेश में बसे विभिन्न प्रवासी राजस्थानी डॉक्टर्स के साथ ऑनलाइन विडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित कर सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दिनांक 27.12.2020 को डॉक्टर कुसुम नाथावत, GP Trainee, UK, MBBS, Keele University, B.Sc. St George's University, UK के साथ संवाद किया गया, एवं दिनांक 17.01.2021 को दुबई में कार्यरत दंत चिकित्सक डॉ दिशा गुप्ता द्वारा अपने अनुभव सभी से साथ साझा किए। इन्हें विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया।

12. 14 जनवरी 2021 को मकर सक्रांति पर्व के अवसर पर दिल्ली के बीकानेर हाउस में राजस्थान फाउण्डेशन एवं पर्यटन विभाग द्वारा पंतगोत्सव व सांस्कृतिक संगीत समारोह ''धुन'' का आयोजन कर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया। उक्त कार्यक्रम में ऑनलाईन देश–विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों ने भाग लिया।

13. प्रवासी राजस्थानियों से भावनात्मक बंधों को प्रगाढ़ करने एवं राजस्थान फाउण्डेशन के नवीन चैप्टर्स खोलने के उद्देश्य से केरल में राजस्थान फाउण्डेशन के अध्यक्ष, माननीय मुख्यमंत्री महोदय के साथ आयुक्त राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा केरल राज्य के तिरूवन्नतपुरम में प्रबुद्ध राजस्थानियों के साथ दिनांक 23.01.2021 को ''केरल प्रवासी राजस्थानी संवाद'' कार्यक्रम आयोजित कर अन्तर्संवाद किया गया।

14. राजस्थान फाउण्डेशन ने ऐसे अनिवासी राजस्थानियों को सहायता एवं सहयोग प्रदान किया जो अपने–अपने क्षेत्रों में सामाजिक/लोकोपकारक/धार्मिक अनुष्ठानों को निष्पादित करने हेतु इच्छुक हैं।

15. शिक्षा एवं अन्य विभागों के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं/परियोजनाओं का प्रचार–प्रसार/संवर्द्धन किया गया।

16. राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं/नीतियों से प्रवासियों को अवगत कराया गया। तथा इस दिशा में उनकी वांछितानुसार सहायता एवं सहयोग मुहैय्या कराई गई।

**बिन्दु संख्या 5** :–

**सार – संक्षेप** (Executive summary)

राजस्थान फाउण्डेशन में राज्य सरकार से उपलब्ध करवाई गई राशि 3.50 करोड़ रूपए कारपस फण्ड के रूप में जमा है। इसके अतिरिक्त, रीको द्वारा राशि 5.00 करोड़ रूपए की राशि कारपस फण्ड हेतु उपलब्ध करवाई गई है।

राजस्थान फाउण्डेशन के जयपुर एवं दिल्ली कार्यालय के समस्त खर्च कारपस फण्ड से अर्जित ब्याज राशि से वहन किए जाते है। राज्य सरकार द्वारा राजस्थान फाउण्डेशन को इस हेतु किसी प्रकार बजट आवंटन नहीं किया जाता है। आधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन–भत्तें एवं अन्य व्यय का भुगतान इस कारपस फण्ड से अर्जित ब्याज राशि से वहन किये जाते हैं।

राजस्थान फाउण्डेशन
Rajasthan Foundation

जी–29, ग्राउण्ड फ्लोर, साउथ ब्लॉक, योजना भवन,
युधिष्ठिर मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर 302005
फोनः +91-141-2229111, 2229091
ईमेलः rajfound-rj@nic.in
Website: www.rf.rajasthan.gov.in